



## एक नजर में



### चाणक्यपुरी में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ, शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**सीहोर.** चाणक्यपुरी के पिपलेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. प्रमुख मार्गों से होती हुई कलश यात्रा मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंची. मां राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा प. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शिव परिवार,शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ किया गया. शिवमहापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा. मंदिर के पुजारी पं.संजय तिवारी, पं. शेलेश तिवारी, पं.अखिलेश शास्त्री, पं.वीरेंद्र शास्त्री, पं.अनमोल शास्त्री द्वारा वैदमंत्र उच्चारित कर शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई.



### पढ़ाई लिखाई के साथ खेलना कूदना भी जरूरी : राय

**सीहोर.** शासकीय कन्या कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने कहा कि बच्चों तुम्हारे उज्वल भविष्य की जिम्मेदारी हमारी है. बच्चों अब खेल कर भी माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन किया जा सकता है. प्रतियोगिता में चम्मच दौड़, 100 मीटर रेस, कुर्सी दौड़, खो-खो इका आयोजन किया गया. श्री राय ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया. उक्त कार्यक्रम में नरेश मेवाड़ा,प्रिंस राठौर, सम्मिलित हुए. अतिथियों का दीपा कीर, आलोक शर्मा, जगदीश मालवीय ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया. आभार प्राचार्य नीना सिंह के द्वारा व्यक्त किया गया.



### स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए राज्यमंत्री

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने किया. कार्यक्रम में छात्रों ने प्रतिबिम्ब थीम के तहत रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. छात्रों द्वारा कार्यक्रम में वेलकम डांस, क्लासिकल, वेस्टर्न एवं रेट्रो थीम पर अपनी प्रस्तुतियां दी गई. इस अवसर पर शिव तांडव, वीर शिवाजी नृत्य, रोबोटिक नृत्य महिला सशक्तिकरण (विश्व कप) एवं ताइक्वांडो की भी प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, श्रीमती अरुणा राय, चांसलर इंजीनियर बीएस यादव, एसडीएम नितिन टाले, प्रो. मनीषा कठोटकर व अन्य अतिथि उपस्थित थे.



### वरिष्ठ समाजसेवी राय ने खिलाड़ियों को भेंट किए ट्रेकसूट

**सीहोर.** यादव समाज के जितेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी 5 दिसंबर से श्री कृष्ण ग्वाला, गवली, यादव समाज के तत्वाधान में थाना ग्राउण्ड एवं हेलीपैड, आगर मालवा में राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है. संरक्षक एवं वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय ने यादव समाज क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को ट्रेकसूट भेंट कर शुभकामनाएं दी है. खिलाड़ियों को विधायक सुदेश राय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, जितेन्द्र यादव, जूबेर कुरैशी, अतुल राय, मनीष पटेल, सागर यादव, सुनील राय, समीर नानू आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.



### यार नगर में नए पर्यटन स्थल का शुभारंभ

**बुधनी.** प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यारनगर क्षेत्र में नए पर्यटन स्थल 'यारनगर जंगल रिसोर्ट' का भव्य शुभारंभ किया गया. घने जंगल, पहाड़ी नदी और हरी-भरी वादियों के बीच विकसित इस टूरिस्ट स्पॉट का उद्घाटन मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्म न्यास) ने किया. उद्घाटन कार्यक्रम में यारनगर जंगल रिसोर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुपम शर्मा, डायरेक्टर पुष्कर शर्मा, देवेंद्र शर्मा सहित शर्मा परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया. समारोह में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यारनगर में इस नए पर्यटन स्थल का विकसित होना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम है. इससे स्थानीय पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. उन्होंने कहा कि जंगलों से घिरे इस शांत और सुंदर इलाके की प्राकृतिक खूबसूरती पर्यटकों को आकर्षित करेगी और यह स्थान वन्यजीव प्रेमियों के लिए भी विशेष आकर्षण बन सकता है.

# 55 कैमरों की मदद से होगी बाघों की गणना

## रातापानी टाइगर रिजर्व में दूसरे चरण की बाघों की गणना प्रारंभ, जिले में 35 से अधिक बाघों का अनुमान

- रातापानी में 85 तथा सीहोर वन क्षेत्र में 55 कैमरे लगाए
- जिले के वन क्षेत्र में बाघिन के साथ शावक भी नजर आए



नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 नवंबर. रातापानी टाइगर रिजर्व में दूसरे चरण की बाघों की गणना शुरू हो गई। सीहोर क्षेत्र में करीब 55 कैमरों की मदद से बाघों की ट्रैपिंग की जाएगी। जिले में 35 से ज्यादा बाघ होने का अनुमान है। बाघों की गणना के दौरान जिले के वन क्षेत्र में 5 स्थानों पर बाघिन के साथ शावक भी नजर आए हैं.**

गौरतलब है कि रातापानी सहित सीहोर, भोपाल और रायसेन की कुल 172 बीटों में करीब 350 से ज्यादा कैमरे लगाए जा चुके हैं. रातापानी में 85 कैमरों के साथ-साथ सीहोर के वन क्षेत्र में 55 कैमरे लगाए गए हैं. इस गणना की खास बात यह है कि पहली बार विशेष एप का उपयोग किया जा रहा है. इस विशेष एप एम-स्ट्राइप इकोलॉजिकल के जरिए बाघों का फिजिकल वैरिफिकेशन हो रहा है. एप में बीटगार्ड नेचर ट्रेल और ट्रांजिट लाइन पर पैदल चलकर मौके पर मिले बाघों के मल, खरोंच, पगमार्क, शिकार के अवशेष एप में फीड करेंगे. इसके साथ ही मौके की जीपीएस लोकेशन व फोटो भी रियल-टाइम में अपलोड होंगे. इससे डेटा सीधे डब्ल्यूआईआई (वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) तक पहुंचाया जाएगा और गणना के नतीजे पहले की तुलना में जल्दी मिल सकेंगे.

उल्लेखनीय है कि बाघों की गणना 20 जनवरी तक अलग-अलग चरणों में होगी. पहली बार टाइगर रिजर्व क्षेत्र से लगे कॉरीडोर में भी बाघों की गणना की जा रही है. हालांकि यह काम अगले चरण में होगा. अभी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ही बाघों की गणना की जा रही है. अगले चरण में 20 दिसंबर से 20 जनवरी तक जंगल के बाकी हिस्से में कैमरे लगाकर बाघों की गणना करेंगे.

### धारियों का मिलान कर होती है बाघों की पहचान

देशभर में हर चार वर्ष के बाद होने वाली इस गणना में पहले उन क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाते हैं, जहां बाघों का मूवमेंट दर्ज होता है. कैमरों से मिले फोटो की धारियों का मिलान कर बाघों की पहचान तय होती है. इसके बाद पेड़ों पर खरोंच, बाघों के लोटने के निशान, मल, पगमार्क और यूरिन मार्किंग जैसी फील्ड एविडेंस की मदद से अंतिम संख्या निर्धारित की जाती है।.रातापानी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों की गणना के लिए जिले सहित भोपाल और रायसेन की कुल 172 बीटों के लिए 344 बीटगार्ड और इतने ही सहयोगी वॉलेंटियर और बाघमित्र गणना में शामिल होंगे.

### बुधनी के जंगल में सबसे अधिक बाघ

उल्लेखनीय है कि कई बार बाघ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र से लगे वन क्षेत्र में चले जाते हैं. जैसे कि बुदनी क्षेत्र का जंगल .यह जंगल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और रातापानी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से अलग है. इसलिए यहां दोनों ही क्षेत्र के बाघ पहुंच जाते हैं. इतना ही नहीं कई बार बाघ यहीं अपने टेरेटरी बना लेते हैं. यह क्षेत्र बाघों के घूमने और आने-जाने के लिए सहज और सरल मार्ग या जगह होती है.

## बीएलओ को दी जान से मारने की धमकी

**श्यामपुर.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे ग्राम रामपलासी के बीएलओ को गांव के एक युवक ने गाली-गलौच करते हुए धमकाया और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. ग्राम रामपलासी के प्राथमिक शाला के शिक्षक सुनील राय बूथ लेबल आफिसर हैं. वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं. बताया जाता है किगत दिवस वह अपने स्कूल में मतदाता सूची के संबंध में काम कर रहे थे तभी कमरे में गांव का विजय आ. सूरज सिंह आ धमका और बीएलओ सुनील राय के साथ गाली- गलौच करते हुए धमकी दी गई कि गांव में दिखा तो जान से मार दूंगा. पीड़ित बीएलओ सुनील राय का कहना है कि एसआईआर सर्वे के लिए उसे लगातार गांव में जाना पड़ता है. ऐसे में उसकी जान को खतरा है. श्यामपुर पुलिस ने बीएलओ की शिकायत पर आरोपी युवक विजय के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

## 12 शराबी चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 नवंबर.** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ ने जानकारी दी कि विगत दस माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 13,821 उल्लंघनकर्ताओं पर 72 लाख 72 हजार 663 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है. इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं.

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए और कहा कि सड़क पर हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि ओवरस्पीडिंग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, इसलिए हाईवे और प्रमुख मार्गों पर टोल नाकों के पास स्पीड रडार गन से तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

## नगर की पॉश कालोनी में एक बार फिर चोरों का आतंक

- क्रिसेंट रेसीडेंसी में बीती रात चोरों ने की वारदात
- दो माह में चोरी की दूसरी वारदात से नागरिकों में भय

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 नवंबर.** शहर की सुरक्षित व पॉश कालोनी पर चोरों की बुरी निगाह पड़ गई है. दो माह बाद फिर बीती रात चोरों ने एक मकान में वारदात को अंजाम देते हुए 1.80 लाख रुपए की नगदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है.

नगर की क्रिसेंट रेसीडेंसी कालोनी के मकान नं. 155 में रहने वाले मुकेश वाधवानी कुछ दिन पहले तक कालोनी में किराना दुकान संचालित करते थे. लगभग एक माह पूर्व ही वह मकान नं. 155 में शिफ्ट हुए हैं. बताया जाता है कि बीती रात जब परिवार घर में सो रहा था तभी पीछे की दीवार से चोर उनके घर के अंदर दाखिल हुए. जिस कमरे में उनकी पत्नी सो रही थी वहां रखी अलमारी को खोलकर चोरों ने उसमें रखे लगभग 1. 80 लाख रुपए की नगदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया. खटपट की आहट सुनकर उनकी पत्नी की नींद खुली, लेकिन तब तक चोर रफूचक्कर हो गए थे. वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को देते हुए चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया है.

लगभग दो माह पूर्व चोरों ने इस मकान से छह मकान पहले एक मकान में लाखों रुपए की नगदी और जेवरात की सनसनीखेज चोरी को अंजाम दिया था. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर आशीष




श्रीवास्तव के सूने मकान से लाखों का माल बटोरने वाले बदमाशों को हालांकि पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया था और उनसे कुछ जेवरात भी जब्त किए गए थे, लेकिन लाखों रुपए की बरामदगी अब तक नहीं हो सकी है.

## नदी से पानी चोरी कर रहे किसानों की पांच मोटर जब्त

- आष्टा नपा के अमले ने पकड़ीं पांच मोटरें
- नपा करेगी संबंधित किसानों के खिलाफ कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**आष्टा 20 नवंबर.** मुख्य नगरपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में पार्वती नदी में संग्रहित जल को चोरी होने से रोकने के लिए सर्चिंग दल गठित किया गया है जो प्रतिदिन नदी किनारे की सर्चिंग कर अवैध रूप से मोटर डालकर नदी से पानी की चोरी करने वाले ग्रामीणों पर कार्रवाई की जा रही है.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म ऋतु में जल संकट उत्पन्न नही हो इसके लिए निकाय की टीम दिन और रात दोनों समय नदी किनारे बसे ग्रामों तक जाकर सर्चिंग कार्य कर रही है. विगत एक सप्ताह पूर्व से प्रारंभ हुए इस कार्य में लगभग 5 विद्युत जल मोटर जप्त की जा चुकी है. श्री प्रजापति ने बताया कि सर्चिंग कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा. सीएमओ श्री प्रजापति ने नदी किनारे बसे ग्रामीणजनों से अपील की है कि पार्वती नदी में संग्रहित जल नगरवासियों की प्यास बुझाने के लिए भंडारित है, अवैध रूप से विद्युत जल मोटर डालकर पानी की चोरी नही करें.

## मारपीट के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 20 नवंबर.** नगर में दो युवकों के साथ की गई दिल दहला देने वाली मारपीट के मामले में फरार चल रहे शराब कारोबारी पिता-पुत्र आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं.

बुधवार को उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शराब कारोबारी मंशाराम गुर्जर, उसके पुत्र दीपक गुर्जर और रिश्तेदार राजेश गुर्जर पर दो युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप है. यह घटना उस समय चर्चा में आई, जब मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए पीड़ितों के बयान के आधार पर 15 नवंबर को तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी. बुधवार को आरोपियों ने एसडीएम न्यायालय में आत्मसमर्पण किया. जहां से तीनों को जेल भेजने का आदेश जारी किए गए हैं.

## विद्यालयों के समीप बनेगा तंबाकू मुक्त जोन

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 20 नवंबर.** केंद्र सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा युवा व बच्चों का तंबाकू मुक्त भविष्य बनाने के लिए अभियान के तहततंबाकू मुक्त अभियान 3-0 शुरू करने का निर्णय लिया है.

इस विशेष अभियान के तहत युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखने के लिए स्लोगन व नुक्कड़ नाटक जैसी जागरूकता तथा अध्यनरत बच्चों के लिए स्कूल, कालेज, व विश्वविद्यालय परिसर से 100 गज दूरी में स्थित तंबाकू दुकान या विक्रय पर रोक लगाई जाएगी ताकि बच्चों को नजर से धूम्रपान दूर हो सके. यह अभियान दो माह तक चलेगा जिसकी सीधी निगरानी राज्य और केंद्र सरकार की संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी.

तंबाकू या अन्य नशे की लत से बच्चों में कच्ची उम्र 12 से 15 वर्ष के बीच नशे के दुष्परिणामों से अंजान रहने के चलते लत लग जाती है और लगातार सेवन करने से यह लत उनके भविष्य के लिए घातक हानिकारक बन जाती है. बच्चों में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाना तथा उन्हें सेवन से दूर करना उद्देश्य है. स्कूलों, कॉलेजों की सीमा के 100 गज के भीतर तंबाकू, ई-सिगरेट या नशे से जुड़े उत्पादकों की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित होगी इसके लिए सड़क पर लाल रेखा खींचना या बोर्ड लगाने के निर्देश संबंधित संस्था को दिए जाएंगे.

## जिला सहकारी बैंक को मिला प्रदेश स्तरीय पुरस्कार

- पुरस्कार स्वरूप बैंक को मिली एक लाख रुपये की राशि
- भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हुआ पुरस्कार वितरण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 नवंबर.** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत चलाए जा रहे सहकारी समितियों के पूर्ण कम्प्यूटराईजेशन अभियान के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं सहकारिता विभाग को प्रदेश स्तरीय दूसरा पुरस्कार हासिल हुआ है. पुरस्कार के तहतएक लाख की राशि एवं समितियों को भी नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ है.

भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग एवं अतिथियों द्वारा सीहोर बैंक एवं सहकारिता विभाग को संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार उपायुक्त सहकारिता सुधीर कैथवास एवं बैंक के सीईओ मनोज शर्मा को नगद पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपए की राशि का चैक प्रदान किया. पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के तहत सीहोर जिले की 10 समितियों को सबसे पहले पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत होने पर 5-5 हजार की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा रही है. इन सहकारी समितियों में नापलाखेडी, चंदेरी, बिजौरी, मुगली, हकीमाबाद, लौरासखुर्द, मैना, ग्वाली, फूडरा




एवं जमोनिया फतेहपुर प्रमुख रूप से शामिल है .इस उपलब्धि पर उपायुक्त सहकारिता श्री कैथवास एवं बैंक के सीईओ श्री शर्मा सहित पुरस्कृत समितियों के प्रबंधकों व आपरेटर को बैंक के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने बधाई दी है. श्री शर्मा ने कहा है कि बैंक की सभी समितियों में कम्प्यूटराईजशन की प्रक्रिया चल रही है. जिले की बाकी समितियां शीघ्र ही कम्प्यूटराईज हो जाएगी.

**सांसद खेल महोत्सव** भाजपा मंडल द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## भैरूंदा में क्रिकेट का महासंग्राम, 25 टीमों के बीच होंगे मुकाबले

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 20 नवंबर.** गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच मॉडल मुकाबला दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा. दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया.

रवि मालवीय ने कहा खेल से अनुशासन, खेल से आत्मविश्वास और खेल से देश का उज्ज्वल भविष्य बनता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के 'खेलो भारत बढ़ो भारत' के संदेश से प्रेरित होकर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे युवाओं को एक मजबूत मंच मिल रहा है.

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी देता है. छोटे कस्बों से निकलकर युवा आज खेल के दम पर देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं. यह महोत्सव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगा.

इस प्रतियोगिता में मंडल स्तर की कुल 25 टीमें हिस्सा ले रही हैं. अगले चार दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के बाद सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन कर उन्हें विधानसभा स्तर पर भेजा जाएगा. समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव और कार्तिकेय सिंह चौहान की उपस्थिति संभावित है.

उद्घाटन के दौरान रवि मालवीय ने बैटिंग कर मैदान का उत्साह दुगुना कर दिया. उन्होंने जैसे ही गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा. इसके बाद केसीसी इलेवन और भैरुंदा वारियर्स के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया और साफ कर दिया कि भैरुंदा की धरती में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है.

कार्यक्रम में रितेश मकवाना चंद्रकांत खंडेलवाल, आशीष शर्मा, ओम पटेल, जितेंद्र गौड़, संजय पटेल, महेंद्र परिहार, कैलाश धावरे, मेहरबान सराठे, राजेश पवार, अशफाक मंसूरी दीनबंधु कुशवाह, कपिल खंडेलवाल, गोपाल तिवारी, तरुण मालवीय, अमित मीणा, ओम राठौड़, गोलू विश्वकर्मा, अरविंद पंवार, गोल्डी अग्रवाल सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे. अजय मालवीय, नीलमणि सेंगर, सचिन त्रिवेदी एवं तरुण राज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में भूमिका निभाई.

## दो एनसीसी कैडेट्स का सेना में चयन

**सीहोर.** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के दो एनसीसी कैडेट्स का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हो गया है. चयनित होने वाले कैडेट्स में कैडेट अनुराग एनसीसी के द्वितीय वर्ष बी सर्टिफिकेट के कैडेट एंव बीएससी सेकंड ईयर के छात्र हैं, जिनका अग्नि वीर भर्ती में क्लर्क एवं जनरल ड्यूटी दोनों ही पदों के लिए चयन हो गया. कैडेट सत्यम चौहान एनसीसी के तृतीय वर्ष सी सर्टिफिकेट के कैडेट व बीए तृतीय वर्ष के छात्र हैं. प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा सहित उपप्राचार्य एवं डॉ उदय डोलस, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा, पूर्व सीटीओ श्याम कुमार आदि ने बधाई दी है.